## एक नजर में



### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**उज्जैन।** नालसा नई दिल्ली एवं राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर के उपलक्ष्य में विगत 09 नवंबर से 14 नवंबर तक न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विगत 14 नवंबर को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता की उपस्थिति में बाइक रैली का शुभारंभ एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें न्यायाधीशगण अरविंद प्रताप सिंह चौहान, संजय श्रीवास्तव, संजय राज ठाकुर, कपिल नारायण भारद्वाज, हेमंत सविता, संतोष सैनी, अमित कुमार गुप्ता, अश्विन परमार, सारिका भाटी, सोनाचतुर्वेदी शर्मा एवं अन्य न्यायाधीशगण सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार भाटी, मंडल अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओम सारवान, प्रकाश चौबे एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे। बाइक रैली के माध्यम से जन सामान्य को नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा नालसा नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 से जनसामान्य को अवगत कराया गया। बाइक रैली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी एवं पैनल अधिवक्ता तथा जिला उज्जैन के अधिवक्ताओं ने बाइक रैली में हिस्सा लिया। इसी क्रम में विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, क्विज कंपटीशन एवं स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने रुचि लेकर हिस्सा लिया इसके अतिरिक्त विद्यालय एवं महाविद्यालय में हर्ष भदोरिया, पवन कुमार पटेल एवं सोनाचतुर्वेदी शर्मा जिला न्यायाधीश द्वारा विद्यार्थियों को पोक्सो, साइबर सेफ्टी, गुड टच बेड टच विषयों पर जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार भाटी द्वारा श्रवण बाधित एवं दृष्टि बाधित विद्यालय एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य शिविर आयोजित कर उन्हें बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए।




### राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम प्रारंभ

**उज्जैन।** निर्मला महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ निर्मला महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ। यह कार्यक्रम 17 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित होगा। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि इस सात दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में आगामी पीढ़ी अनुसंधान विकसित भारत 2047 की दिशा में उभरते शोध पारिस्थितिक तंत्र में सूचना संचार प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरण विषय पर ज्ञानार्जन होगा। इस कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, धर्म प्रांत के धर्म गुरु अधि महाधर्माध्यक्ष अध्यक्ष सेबेस्टियन वडक्कल, महाविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. एंटोनी जोसेफ निरप्पेल, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर नितिन राणे कुलगुरु अवंतिका विश्वविद्यालय, मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुभाष ब्रह्म भट्ट कुलगुरु सरदार वल्लभभाई ग्लोबल यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, मुख्य अतिथि शिवशंकर मिश्रा कुलगुरु महर्षी पणिनी संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन महाविद्यालय के मैनेजर फादर जोस कडप्पारेल, प्रोफेसर कर्नल एस एस सारंग देवोत, कुलगुरु जे आर एन विश्वविद्यालय उदयपुर, प्रोफेसर एच एल अनिजवाल अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग भोपाल, निर्मला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी एवं निर्मला महाविद्यालय से एमओयुकृत 11 संस्थाएं सहभागिता करेंगी। राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम में 745 शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने अपना पंजीयन किया है जो इस सात दिवसीय कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे। सारस्वत अतिथि अतुल कोठारी ने अपने वक्तव्य में बताया कि शिक्षक ही राष्ट्र का सच्चा राष्ट्र निर्माता है शिक्षकों का दायित्व बहुत बड़ा है और यदि वह अपनी पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं तो जिस सपने को हम 2047 में विकसित भारत के रूप देखना चाहते हैं वह सपना हमारा साकार हो सकेगा। डॉ. कीर्ति डिड्डी ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार फादर डॉक्टर एंटोनी जोसेफ निरप्पेल ने दिया।




### मिलकर सहकारिता को उंचाइयों तक पहुंचाएं

**उज्जैन।** कार्यालय संयुक्त आयुक्त, सहकारिता संभाग उज्जैन एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन द्वारा, बी. पेक्स (बहुउद्देशीय) सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम नलवा में राष्ट्रीय सहयोग नीति पारिस्थतिकी तंत्र, संरचित भारत की सहकारी समितियों के लिए रोडमैप दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ सहकारी नेता एवं पूर्व संस्था अध्यक्ष गोपालसिंह आंजना ने की। मुख्य अतिथि उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन के. पाटनकर, विशेष अतिथि इफको के दीपक पाल, रतनसिंह आंजना, विजेन्द्र कुमार बैरागी, रितेश जिंदल, कमल कांगले, कमल मथाने व कृषकगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत शिवकुमार गेहलोत ने किया। इस अवसर पर सुमेरसिंह सोलंकी ने सहकारिता क्या है इसका उदाहरण शरीर से देते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर की अनेक प्रकार की कोशिकाएं संगठित और एक होकर मानव रूपी शरीर को चलाती है। उसी प्रकार सहकारिता में भी सभी समाज के लोग संगठित व साथ मिलकर सहकारिता को इस प्रतिस्पर्धा के दौर में उंचाइयों तक पहुंचाने में सहभागी बने। जिंदल ने कहा कि समय अनुसार कृषक अपने जैविक खाद का भी समय समय पर उपयोग करें। मुख्य अतिथि के. पाटनकर ने कहा कि रासायनिक खाद के ज्यादा उपयोग से जमीन की मिट्टी खराब हो रही है। अध्यक्षता कर रहे आंजना ने कहा कि बिन सहकार नहीं उद्धार। सहकारिता से ही आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें।

### भावांतर : मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4236 रुपए


**उज्जैन।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रता किसानों के लिए आज 17 नवंबर को 4236 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए तथा 16 नवंबर को 4234 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

# देवास गेट बस स्टैंड का होगा कायाकल्प, मुख्यमंत्री के गृह नगर में नया प्रकल्प

## मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब में होगा तब्दील देवास गेट बस स्टैंड, 500 करोड़ का यूडीए ने निकाला टेंडर, आम यात्रियों से लेकर श्रद्धालुओं को सिंहस्थ में मिलेगी सुविधा

**उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार प्रदेश में युद्ध स्तर पर विकास कार्य करने में संलग्न है। महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां जोरों पर चल रही है। यही कारण है कि सीएम के गृहनगर उज्जैन में देवास गेट बस स्टैंड का कायाकल्प 500 करोड़ की राशि से किया जाएगा और यहां पर बस स्टैंड के साथ-साथ कई सारे प्रकल्प बनेंगे जिसका लाभ स्थाई तौर पर सबको मिलेगा।**





धर्मनगरी उज्जैन में आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए, शहर की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। शहर के प्रमुख देवास गेट बस स्टैंड को अब एक अत्याधुनिक इंटर-मोडल ट्रांजिट हबबके रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है।

नया हब एक बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स होगा जो कॉम्पैक्ट, हाई-डेंसिटी और मिक्स्ड-यूज़ डेवलपमेंट पर केंद्रित होगा। यह एक ग्रीन बिल्डिंग होगी, जिसमें पर्यावरण-अनुकूलता का ध्यान रखा जाएगा। इसमें रूफटॉप सोलर पैनल और अत्याधुनिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) की व्यवस्था होगी। भूतल पर मुख्य रूप से बसों के आवागमन और लोडिंग अनलोडिंग के लिए उपयोग किया जाएगा। ऊपरी मंजिल पर व्यावसायिक परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। निवेशक यहां होटल, खुदरा दुकानें, और अन्य यात्री सुविधाएं प्रदान कर राजस्व अर्जित कर सकेंगे। बेसमेंट में निजी और सार्वजनिक वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग का प्रस्ताव है, जिसमें लगभग 70 कारें, 250 बाइकें और 20 बसें पार्क की जा सकेंगी। इस विकास का मुख्य लक्ष्य शहर के मध्य में यातायात की भीड़ को कम करना और महाकालेश्वर मंदिर तथा अन्य धार्मिक स्थलों पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आधुनिक और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### स्मार्ट सिटी व यूडीए की योजना

यह महत्वाकांक्षी परियोजना उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड और उज्जैन विकास प्राधिकरण की पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी और सुविधाएं प्रदान करना है। यह परियोजना डिज़ाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मोड पर आधारित होगी। इसका मुख्य उद्देश्य देवास गेट बस स्टैंड पर इंटर-मॉडल स्टेशन का विकास, संचालन और रखरखाव करना है। नवभारत से चर्चा में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया इस विशाल विकास कार्य की अनुमानित लागत लगभग 500 करोड़ है। इस परियोजना के लिए निविदा (टेंडर) जमा करने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।




### 3 इन 1 कनेक्टिविटी का केंद्र होगा स्टेशन

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि यह इंटर-मोडल स्टेशन केवल एक बस स्टैंड नहीं, बल्कि ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट सिद्धांतों पर आधारित एक बहु-सुविधा केंद्र होगा। यह यात्रियों को परिवहन माध्यमों के बीच निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करेगा। स्टेशन को उज्जैन रेलवे स्टेशन के साथ एक एक्सक्लूसिव मार्ग से जोड़ा जाएगा, जिससे ट्रेन और बस यात्रियों के लिए सीधा और सुगम ट्रांज़िट उपलब्ध हो सके। यहां लंबी दूरी की बसों के लिए एक आधुनिक टर्मिनल होगा यह हब भविष्य में मेट्रो लाइन और महाकाल रोप-वे से जुड़ने के लिए भी डिज़ाइन किया जाएगा, जिससे यह बीआरटी ट्रांसफर स्टेशन के रूप में भी काम कर सके।

## 9 साल बाद गिरफ्त में आए आरक्षक पर हमला करने के आरोपी

**उज्जैन। 9 साल पहले मोहर्रम जुलूस के दौरान हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे आरक्षक पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे इनामी 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के कुछ साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे, वहीं 3 अब भी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। विदित हो कि यह मामला अखबारों में काफी सुर्खियां लिया था।**

महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि वर्ष 2016 में मोहर्रम जुलूस के दौरान उपकेश्वर चौराहा पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में ही आपसी विवाद हो गया था। जुलूस में लाठी-डंडे चलने पर बीच-बचाव करने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिये पुलिस पहुंची थी, जिसमें आरक्षक राहुल राव भी शामिल था, उसने युवकों को अलग करने का प्रयास किया था, तभी युवकों ने आरक्षक पर हमला कर दिया था। जिसमें आरक्षक राहुल को गंभीर चोंट आई थी। मामले में धारा 307, 353, 332, 147, 148, 149 का प्रकरण दर्ज किया गया था। कुछ दिनों बाद 4 से 5 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया था। पांच आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास क्राइम ब्रांच की टीम भी कर रही थी। रविवार को सूचना मिलने पर क्राइम और महाकाल थाना पुलिस की टीम ने 2 आरोपी दानिश पिता अकरम निवासी जानसापुरा और सज्जू उर्फ अकरम पिता शराफत निवासी 40 क्वार्टर हेलावाड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों से पूछताछ कर फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### ग्रामीण पर सियार ने किया हमला

उज्जैन। बीती रात सियार ने खेत पर सो रहे ग्रामीण पर हमला कर दिया। नींद में होने की वजह से ग्रामीण खुद को बचा नहीं पाया और गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया जिसे सोमवार तड़के उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। माकड़ोन के ग्राम बगवाड़ा में रहने वाला बालू पिता बापूसिंह 47 साल अपने खेत पर सोया हुआ था। रात 3 बजे के लगभग अचानक सियार ने उस पर हमला कर दिया। वह नींद से जाग पाता उससे पहले ही सियार ने उसे बुरी तरह नोच लिया। हमले में घायल बालू की आवाज सुनकर आसपास खेतों में सो रहे कुछ लोग जागे और दौड़कर पहुंचे और उन्होंने सियार को भगाया जो खेतों में ओझल हो गया। बालू के परिवार को सूचना दी गई और उसे तड़के उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। पूर्व में भी माकड़ोन, भाटपचलाना, बड़नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों की मौजूदगी सामने आ चुकी है। जानवरों में सियार और लकड़बग्घे सबसे अधिक दिखाई देते हैं।

### कक्षा दसवीं की छात्रा ने लगाई फांसी

उज्जैन। मक्सीरोड की कालोनी में रहने वाली कक्षा 10 वीं की छात्रा ने रविवार रात घर में फांसी लगा ली। मां ने उसे देखा तो आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू की गई है पंवासा थाना प्रभारी गमर मंडलोई ने बताया कि बैकुंठधाम कालोनी में रहने वाली कक्षा 10 वीं की 15 वर्षीय छात्रा स्वाति पिता संजू पटेल द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। छात्रा का शव घर में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। जांच के दौरान चंद लाइन का सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा था मम्मी मैं पापा के पास जा रही हूं। मां से पूछताछ करने पर सामने आया कि स्वाति के पिता का निधन हो चुका है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। स्वाति दूसरे स्कूल में एडमिशन लेना चाहती थी, जिसकी फीस काफी अधिक थी, वह उसका दूसरे स्कूल में एडमिशन भी नहीं करा पा रही थी। संभवत: इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। थाना प्रभारी के अनुसार सुसाइड नोट जब्त कर मर्ग कायम किया गया है। फिलहाल घटनास्थल को सील कर दिया गया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जांच के लिये खोला जाएगा।

## बुलेट से कर रहा था शराब की तस्करी, पुलिस ने दबोचा



**उज्जैन। बुलेट सवार युवक द्वारा अवैध शराब का परिवहन किए जाने सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। युवक अवैध शराब देवास से लेकर आया था।**

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि रात में मुखबीर सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिना नम्बर की बुलेट से अवैध शराब लेकर आ रहा है जो नॉलेज सिटी की ओर कच्चे रास्ते पर जाने वाला है। तत्काल पुलिस में घेराबंदी की और अंधेरे में आ रहे बुलेट सवारी युवक को पकड़ लिया। उसके पास से झोले में भरी हुई देसी शराब बरामद हो गई। शराब संबंधित दस्तावेज मांगने पर दिख नहीं पाया अवैध होने पर उसे हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया जहां पूछताछ में उसका नाम मुकेश पिता श्रवणलाल सोलंकी 45 वर्ष निवासी ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीश, थाना नरवर होना सामने आया। उसके पास से बरामद शराब 27000 रुपए कीमत और बुलेट 2 लाख कीमत की होना जब्त की गई है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## मैजिक चालक ने स्कूटी सवार मजदूर को कुचला, मौत

**उज्जैन।** बीती रात देवास रोड पर स्कूटी सवार तीन बच्चों के पिता को मैजिक ने कुचल दिया। उसे अस्पताल लाया जाता उससे पहले रास्ते में मौत हो गई।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया रात में स्कूटी पर सवार होकर रवि पिता नंदलाल गुर्जर 35 साल निवासी विक्रम नगर उद्योगपुरी देवास रोड प्रेम नगर से अपने घर लौट रहा था उसी दौरान रास्ते में मैजिक ने उसे कुचल दिया। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रात में ही उसकी बॉडी चरक अस्पताल लाई गई और पोस्टमार्टम कक्ष में रखी गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रवि सीमेंट सरिया की दुकान पर काम करता था और तीन बच्चों का पिता था। उसके परिवार में पत्नी और बच्चों के अलावा कोई नहीं था एक बहन है उसकी भी शादी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक मैजिक लेकर मौके से भाग निकला है जिसकी तलाश दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से की जा रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौपा गया।

## रविवार-सोमवार की रात सीजन की सबसे ठंडी गुजरी

### न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री रहा, शीतलहर की संभावना

**उज्जैन।** उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से अब मौसम सर्द होने लगा है। रविवार- सोमवार की रात सीजन की सबसे ठंडी रही। न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री दर्ज किया। मौसम विभाग ने कुछ दिनों में शीत लहर चलने का अनुमान जताया है।

नवंबर माह का पहला हफ्ता गुजरने के बाद से ही मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दिया था। दिन रात के तापमान में कमी आना शुरू हो गई थी। इस बीच पहाड़ी क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी के बाद मध्य प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान लगातार काम हो रहा है। धार्मिक नगरी उज्जैन में भी न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री के बीच बना हुआ था लेकिन रविवार सोमवार की रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से भी नीचे आ गया। स्थानीय जीवाजी राव वेधशाला के अनुसार बीती रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश का मौसम पूरी तरह से बदल चुका है। हवा की गति 4 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की बनी हुई है जिसके आगामी दिनों में तेज होते ही शीत लहर का आभास होने लगेगा। लोगों ने ठंड से बचने के लिये अलाव जलाना शुरू कर दिया था। वही दिन में भी गर्म कपड़े पहने दिखाई दे रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत के हिमाचल, जम्मू कश्मीर में बर्फबारी का दौर जारी है, जिसके चलते मध्यप्रदेश का तापमान कम हो रहा है। उज्जैन के पास इंदौर में रात का तापमान 7 डिग्री से नीचे आ गया है वहीं अधिकतम तामपान 26 डिग्री के आसपास दर्ज हुआ है। शीत लहर की शुरुआत होते ही उज्जैन में दिन-रात के तापमान में ओर गिरावट दर्ज होगी।

### फैलने लगा सर्दी-जुकाम का वायरल

मौसम में आये बदलाव के बाद सर्दी-जुखाम वायरल फैलता दिखाई दे रहा है। बच्चों और बुजुर्गो पर वायरल का असर सबसे अधिक दिखाई दे रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चरक अस्पताल के डॉ. जितेन्द्र शर्मा के अनुसार ऐसे मौसम में सबसे अधिक बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होते है। जिनका शरीर तेजी से बदलते तापमान को जल्द कवर नहीं कर पाता है। ऐसे में इन्हे ठंड से बचाने के पूरे प्रयास किये जाना चाहिये।

**महाकाल की सवारी** — मार्ग में फूलों की वर्षा, झांझ-डमरू की गूंज, जय महाकाल का उद्घोष, 7 किलोमीटर मार्ग से गुजरी

## अगहन में महाकाल की सवारी निकली, मनमहेश के दर्शन कर धन्य हुए श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। अगहन मास में भगवान महाकाल की सोमवार को राजसी सवारी निकली। चांदी की पालकी में श्री मनमहेश रूप में भगवान भगवान महाकाल ने दर्शन देकर भक्तों को अभिभूत किया। भगवान मनमहेश के दर्शन से मन प्रसन्न भी हो गया। झांझ-डमरू की गूंज और जय महाकाल के उद्घोष के बीच 7 किलोमीटर राजसी मार्ग से यह सवारी गुजरी। हजारों श्रद्धालुओं ने मार्ग के दोनों ओर से दर्शन करते हुए राजाधिराज महाकाल का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया।**





मंदिर के सभामंडप में दोपहर में श्री मनमहेश की चांदी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम गुरु ने किया। शाम 4 करीब बजे कहारों ने पूजन संपन्न होते ही भगवान की प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजित किया। पूजन में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा व मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक प्रमुख रूप से शामिल हुए। अधिकारियों ने पालकी उठाकर बाबा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस के सशस्त्र जवानों ने सलामी दी। इसके बाद पूरे लाव लश्कर के साथ महाकाल की राजसी सवारी शिप्रा के रामघाट के लिए रवाना हुई।

सवारी में आगे तोपची धमाके करते चल रहे थे, पीछे मंदिर समिति का कर्मचारी वाहन पर सवारी आने की सूचना देते हुए निकला। इसके बाद घोड़ों पर सवार पुलिस के जवान, धार्मिक धुन बजाता पुलिस का बैंड और कदमताल करते हुए सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां निकली। इसके पीछे झांझ-डमूरी वादन करता भस्म रमैया भक्त मंडल व अन्य मंडलियां निकली। महाकाल मंदिर समिति का बैंड भी भजनों की प्रस्तुति देते शामिल हुआ। इसके पीछे रस्सी के घेरे में राजाधिराज महाकाल की पालकी थी। पालकी के साथ मुख्य रूप से पुजारी नीतू गुरु चल रहे थे।

### गणगौर दरवाजे से किया नगर में प्रवेश

सवारी महाकाल चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से शाम 5 बजे रामघाट के पास पहुंची जहां शिप्रा के जल से महाकाल का अभिषेक किया गया। यहां पूजन पुजारी आशीष गुरु ने संपन्न कराया। पूजन के बाद सवारी ने गणगौर दरवाजा से निकलकर नगर की ओर प्रवेश किया। कार्तिक चौक, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, तेलीवाड़ा, कंठाल चौराहा, सतीगेट, सराफा, छत्री चौक होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची जहां गोपाल मंदिर की ओर से बाबा महाकाल का पूजन व आरती की गई। यहां से सवारी पटनी बाजार, गुदरी होते हुए पुन: महाकाल मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।